# वर्टिकल व्यवस्था के चक्रव्यूह में उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिजली विभाग में हर दिन 500 से अधिक आ रहीं शिकायतें
- निस्तारण में विभाग को लग रहा महीनों का समय

**अमृत विचार :** राजधानी में बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था अब उनके लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। बिजली बिल सुधार, नए कनेक्शन और तकनीकी शिकायतों के निस्तारण में विभाग को महीनों का समय लग रहा है। उपभोक्ताओं को लगातार विभागीय दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं, जिससे वे असमंजस की स्थिति में फंसे हुए हैं। हालात यह हैं कि झटपट पोर्टल पर आवेदन करने के बावजूद नए कनेक्शन मिलने में महीनों लग रहे हैं, जबकि पॉवर कॉरपोरेशन की ओर से शहरी उपभोक्ताओं को तीन और ग्रामीण उपभोक्ताओं को सात दिनों के भीतर कनेक्शन देने का प्रावधान है।

बिजली विभाग के 1912 हेल्पलाइन नंबर और उपकेंद्रों पर प्रतिदिन 500 से अधिक शिकायतें दर्ज हो रही हैं, लेकिन कर्मचारियों की भारी कमी के कारण इनका समय पर निस्तारण नहीं हो पा रहा है। पहले लेसा ने शहर को अमौसी, मध्य, जानकीपुरम और गोमतीनगर जोन में बांट रखा था, जिससे उपभोक्ताओं को यह स्पष्ट रहता था कि उनकी शिकायत किसके अधीन है। नई वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं का कहना है कि अब यह समझ ही नहीं आता कि उनकी शिकायत किस अधिकारी या कर्मचारी के अंतर्गत आती है। इसी भ्रम के चलते समस्याएं लंबित हो रही हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि या तो वर्टिकल व्यवस्था में स्पष्ट जवाबदेही तय की जाए या पुरानी जोनल व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

उप्र पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि वर्टिकल व्यवस्था लागू होने से करीब 30 प्रतिशत संविदा कर्मचारियों की नौकरी पर संकट है। इसके साथ ही राजस्व वसूली भी प्रभावित होगी।

# पौने नौ लाख करोड़ का हो सकता है प्रदेश का बजट

## इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगा सबसे बड़ा हिस्सा, शिक्षा-कृषि-स्वास्थ्य पर रहेगा ज्यादा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** योगी सरकार की ओर से 11 फरवरी को पेश किए जाने वाले बजट का आकार इस बार पौने 9 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इसबार भी सरकार पिछले साल अपना प्रदेश के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा बजट होने का रिकार्ड तोड़ेगी। इसबार इंफ्रास्ट्रक्चर को सबसे बड़ा हिस्सा मिलेगा, इसके बाद, शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य पर फोकस रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना इस साल पंचायत चुनाव और अगले साल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर



लोकलुभावन बजट प्रावधानों की तैयारी में लगातार समीक्षा कर चुके हैं। सरकार ने जिलों से लेकर शासन के सभी विभागों से विकास कार्यों के साथ-साथ आम जनता की सुविधाओं को मजबूत करने वाले प्रस्ताव मंगाए थे। सूत्रों के अनुसार, बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को सबसे ज्यादा प्राथमिकता मिलने की संभावना है। सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे, शहरी विकास, औद्योगिक ढांचे और कनेक्टिविटी से जुड़े कार्यों पर बड़े पैमाने पर निवेश किया जा सकता है। इसके बाद शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य जैसे सामाजिक क्षेत्रों पर भी उल्लेखनीय आवंटन की तैयारी है।

### यहां सबसे ज्यादा आवंटन की उम्मीद

- 25% इंफ्रास्ट्रक्चर
- 15% शिक्षा
- 12% कृषि
- 8% स्वास्थ्य
- 5% सामाजिक सुरक्षा योजनाएं

### बीते तीन वर्षों में यूपी बजट का आकार

- 2023-24 : लगभग 6.90 लाख करोड़ रुपये
- 2024-25 : लगभग 7.66 लाख करोड़ रुपये
- 2025-26 : लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये

पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश का बजट लगभग 8.08 लाख करोड़ रुपये का था, जो अपने आप में रिकॉर्ड था। उससे पहले की तुलना में इसमें करीब 9.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। अब प्रस्तावित बजट इससे भी बड़ा होने की उम्मीद है, जिसमें जनकल्याणकारी योजनाओं को और विस्तार दिया जाएगा। बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन, किसानों की आय बढ़ाने, गरीब और जरूरतमंद वर्ग के लिए संचालित योजनाओं को मजबूती देने पर विशेष ध्यान रहेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाने की तैयारी है, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके साथ ही कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए जा सकते हैं। सरकार का लक्ष्य तेज विकास के साथ-साथ वित्तीय संतुलन बनाए रखना भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कई क्षेत्रों की बिजली आज रहेगी प्रभावित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के कई इलाकों में आज मेंटीनेंस का काम किया जायेगा। इसके चलते कई घंटे तक सप्लाई बाधित रहेगी। गोमतीनगर के विश्वासखंड उपकेंद्र के अंर्तगत आने वाले क्षेत्रों में रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण शुक्रवार सुबह 11 से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बंद रहेगी। इसके चलते विवेकखंड-1, विनयखंड-4, नेहरू एन्क्लेव, विश्वासखंड-तीन के बिजली उपभोक्ता इससे प्रभावित रहेंगे। वहीं निराला नगर उपकेंद्र दोपहर एक से 3 :30 बजे तक बंद रहेगा। इससे विवेकानंदपुरी, महानगर, छपरतल्ला चौराहा और चांदगंज प्रभावित रहेगा। कूपर रोड उपकेंद्र सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा।

### युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के मचलखेड़ा गांव में लल्लन उर्फ मनी (22) ने अपने कमरे के अंदर दुपट्टे के सहारे एंगल से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि लल्लन शराब पीने का आदी था। बुधवार रात जब लल्लन के पिता ने उसे खाने के लिए आवाज दी और कोई जवाब नहीं मिला। वे कमरे में गए तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला।

### दुधारू पशुओं में थनैला रोग के उन्मूलन को गाइडलाइन जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार द्वारा दुधारू पशुओं में होने वाले मैस्टाइटिस (थनैला) रोग के उन्मूलन के लिए नई गाइडलाइन जारी हो गयी हैं। पशुपालन विभाग द्वारा थनैला रोग नियंत्रण एवं निदान योजना की निर्धारित गाइडलाइन के अंतर्गत गाय, भैंस, बकरी व अन्य मादा पशुओं को इस संभावित रोग से बचाया जाएगा। पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा ने गाइडलाइन जारी करते हुए गुरुवार को बताया कि इस रोग में पशुओं के थनों में दर्द, सूजन हो जाती है, शारीरिक तापमान भी बढ़ जाता है। स्ट्रेप्टो कॉकस बैक्टीरिया के संक्रमण से थनों में होने वाली इस बीमारी में पशुओं में दूध की मात्रा काफी घट जाता है। नए निर्देशों में इस बीमारी के बारे में पशुपालकों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि थनैला रोग के लक्षण दिखने पर पशुपालकों को संक्रमित पशु को अन्य पशुओं से अलग रखने की सलाह दी जाती है, ताकि बीमारी का प्रसार रोका जा सके।

# सरकार का भरा खजाना, वित्तीय वर्ष में 18,515 करोड़ का मिला राजस्व

## बीते वर्ष की अपेक्षा इस साल जनवरी में 1,089 करोड़ की बढ़ोतरी : वित्त मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार के खजाने में राजस्व की जमकर धन की बरसात हुई है। जीएसटी व आबकारी समेत सभी राजस्व विभागों की कर वसूली खासी बेहतर रही। इसके चलते मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के जनवरी माह में 18,515.52 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि बीते साल के वित्तीय वर्ष में इसी अवधि के दौरान 17,425.94 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार बीते साल की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के जनवरी में 1089.58 करोड़ रुपये राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। यह धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जनवरी तक के निर्धारित लक्ष्य का 74.1 प्रतिशत है।

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गुरुवार



वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना

को बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में अच्छा राजस्व प्राप्त किया गया। जीएसटी विभाग ने माह जनवरी, 2026 में 7,161.95 करोड़ रुपये का राजस्व वसूल किया, जबकि गत वर्ष जनवरी, 2025 के माह में वसूली 7,167.29 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत जनवरी में 2,816.47 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्ति हुई है, जबकि बीते साल इसी अवधि में 2,797.32 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। आबकारी विभाग ने इस साल जनवरी 4,122.19 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जबकि बीते साल इसी अवधि में 3,356.26 करोड़ वसूल किए गए थे। स्टाम्प तथा निबन्धन विभाग ने जनवरी 2026 में 2,748.74 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया, जबकि बीते साल यह प्राप्ति 2,511.11 करोड़ रुपये की रही थी। इसी तरह परिवहन विभाग ने इस जनवरी में 1,219.38 करोड़ राजस्व वसूल किया, जबकि बीते साल 1,110.83 करोड़ की रिकवरी रही थी। राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म विभाग ने जनवरी 2026 में 446.79 करोड़ प्राप्त किये, जबकि बीते साल इसी अवधि में 483.13 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त किया था।

### लक्ष्य के मुकाबले 74.1 प्रतिशत मिला राजस्व

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह जनवरी तक कर राजस्व के अंतर्गत कुल 1,78,556 .43 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जोकि माह जनवरी 2026 तक निर्धारित लक्ष्य 2,40,980 .67 करोड़ रुपये लक्ष्य के मुकाबले 74 .1 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह जनवरी तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य 1,45,427 .47 करोड़ रुपये के मुकाबले 9,4039 .39 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64 .7 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य 48,900 करोड़ के के मुकाबले 43,949 .17 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 89 .9 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत जनवरी माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित का लक्ष्य 31,725 करोड़ है, जबकि अब तक 27,137 .81 करोड़ की प्राप्ति हो चुकी है। यह लक्ष्य का 85 .5 प्रतिशत है। इसी तरह परिवहन मद में निर्धारित लक्ष्य 11,428 .20 करोड़ रुपये का निर्धारित है। इसमें अब तक 10,063 .39 करोड़ की प्राप्ति हो चुकी है, जोकि 88 .1 प्रतिशत है।

## सिल्क प्रदर्शनी



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चल रहे सिल्क मेले में एक स्टाल पर परिधान देखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# पंचायत सदस्यों के डाटा शुद्धिकरण के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश ने आगामी पंचायतीराज चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत अहम निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने पंचायत चुनाव से संबंधित डाटा की शुद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। आयोग के अनुसार, निदेशक, पंचायतीराज द्वारा उपलब्ध कराए गए सदस्य ग्राम पंचायत एवं सदस्य क्षेत्र पंचायत के समेकित विवरण का आयोग के पोर्टल पर मिलान कर उसे शुद्ध किया जाएगा। जांच में यह सामने आया है कि कई जनपदों द्वारा पोर्टल पर फीड की गई सूचनाओं में असंगतियां और त्रुटियां पाई गई हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इन त्रुटियों का तत्काल सुधार आवश्यक है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसे गंभीरता से लेते हुए आयोग ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग का कहना है कि डाटा शुद्धिकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पंचायत चुनाव की आगे की कार्रवाई को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# पुनर्वास विवि और पॉलिटेक्निक के छात्र गुट भिड़े, पथराव

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** पारा के मोहान रोड स्थित राजकीय गोविंद बल्लभ पंत पॉलिटेक्निक परिसर में छात्रों और डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच जमकर बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों की ओर से ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना के दौरान परिसर में खड़ी कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि छात्र राहुल त्यागी और शिवा राव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद डॉ शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दर्जनों छात्रों को बुला लिया गया, जिससे मामला और उग्र हो गया।

हमले में पुनर्वास विश्वविद्यालय के बी-फॉर्मा तृतीय वर्ष के छात्र गौरव द्विवेदी का सिर फट गया, बीकॉम द्वितीय वर्ष के आदित्य मिश्रा के हाथ में चोट आई। बीपीओ प्रथम वर्ष के दिव्यांग छात्र हर्षित पांडेय को नाम पूछने के बाद जातिसूचक टिप्पणी करते हुए पीटा गया, जिससे उनके



छात्र के सिर में लगी चोट।



हाथ की चोट दिखाता छात्र।



टूटा कृत्रिम पैर।

- कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त, आधा दर्जन से अधिक घायल

हाथ में गंभीर चोट आई। बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र आदर्श सिंह के पैर में चोट आई है। वहीं पिंक सिटी में रेस्टोरेंट संचालक हिमांशु सिंह और बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र अखंड राय भी हमले में घायल हुए। मारपीट व तोड़फोड़ में अखंड राय की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आरोप है कि हमलावरों ने एक स्कूटी की डिग्गी तोड़कर उसमें रखे तीन मोबाइल फोन, एक घड़ी, कीमती चश्मा और करीब पांच हजार रुपये निकाल लिए।

बवाल के दौरान कुछ छात्रों ने तीन वाहनों में आग लगाने का भी प्रयास किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां भांजकर हालात काबू में किए, लेकिन इस दौरान उग्र छात्रों ने पुलिस पर भी ईंट-पत्थर फेंके। जवाबी लाठीचार्ज के बाद स्थिति को पुलिस ने संभाला। छात्रों का आरोप है कि उन्होंने पहले एंटी-रैगिंग के डायरेक्टर जय प्रकाश से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रधानाचार्य केके श्रीवास्तव से भी गुहार लगाई गई, जहां उन्हें बाहर जाने को कहकर केवल पॉलिटेक्निक के एक छात्र से अकेले में बात करने की बात कही गई। मोहान रोड पुलिस चौकी प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि छात्रों के बीच आपसी विवाद हुआ था। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# रोडवेज की घटती आय पर विभाग चिंतित

## क्षेत्रीय प्रबंधक ने एआरएम व डिपो इंजार्ज के साथ बैठक कर सुधार करने के दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक इंजीनियर रमेश कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) और डिपो इंचार्ज मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निगम की आय में आ रही गिरावट की समीक्षा करना और संचालन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर देना रहा। बैठक के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक



रमेश कुमार ने निगम की कम होती आमदनी पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ पर अनियमितता या लापरवाही सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समय-समय पर बसों की औचक जांच करें

**अमृत विचार :** यातायात निरीक्षकों की बैठक करते हुए विशेष निर्देश दिए गए कि वे समय-समय पर बसों की औचक जांच करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बसें निर्धारित स्टॉपेज और तय स्थानों से ही संचालित हों। यात्रियों को अनावश्यक असुविधा न हो, इसके लिए बस संचालन की निगरानी और मजबूत की जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक ने यात्रियों से फीडबैक लेने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से लिया जाए, ताकि सेवा गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। साथ ही बसों में तैनात ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए, जिससे यात्रियों के साथ शालीन और बेहतर व्यवहार सुनिश्चित हो सके। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि निगम की आय बढ़ाने और सेवा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाएं और परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# ग्रामीणों व बच्चों की सूझबूझ से चोरी की कार छोड़कर भागे बदमाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज के सोहावा गांव में स्कूली बच्चों की सतर्कता और ग्रामीणों की सूझबूझ से दो बदमाश चोरी की कार छोड़कर फरार हो गए। घटना उस समय हुई जब कक्षा 6, 7 और 8 के नौ बच्चे साइकिल से गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर स्थित पूर्व प्राथमिक विद्यालय जैतीखेड़ा बाग जा रहे थे। नहर के माइनर के रास्ते में सफेद रंग की अल्टो कार में सवार दो युवक पहुंचे और बच्चों को टॉफी का लालच देकर कार में बैठाने का प्रयास किया।

बच्चों ने खतरा भांपते हुए अपनी साइकिलें वहीं छोड़ दीं और गांव की ओर दौड़ पड़े। रास्ते में सामने से आ रहे तीन ग्रामीणों को उन्होंने पूरी बात बताई। ग्रामीणों ने संदिग्ध युवकों से पूछताछ की और पुलिस बुलाने की बात कही। खुद को घिरा देखकर बदमाश ग्रामीणों को बातों में उलझाकर मौके से फरार हो गए।

ग्रामीणों ने बदमाशों का करीब एक किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन वे गांव की सीमा से बाहर निकलने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। जांच में सामने आया कि कार अमेठी जिले के पते पर पंजीकृत है और 24 जनवरी को चोरी हो चुकी थी, जिसकी शिकायत यूपी कॉप ऐप पर दर्ज थी।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार में पेट्रोल खत्म हो गया था और बदमाश बच्चों से कार धक्का लगाने को कह रहे थे। बच्चों के इंकार पर उन्हें डांटा गया, जिससे वे डरकर भागे और ग्रामीणों को जानकारी दी। पुलिस ने अपहरण के प्रयास की बात से फिलहाल इंकार किया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**हरी झंडी** — वैक्सीन निर्माण के लिए जीएमपी और जीएलपी के 20 बिंदु परीक्षण में खरा उतरा

# बीपी संस्थान को मिला लाइसेंस, बनेंगी वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- फैक्ट्री का मिला लाइसेंस, वैक्सीन निर्माण की अनुमति देगा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन
- प्रक्रिया में प्रदूषण व लघु पशु लाइसेंस, फायर एनओसी भी शीघ्र मिलेगी

**अमृत विचार :** बादशाहबाग स्थित पशुपालन निदेशालय परिसर में करीब सात वर्ष से बंद पड़ा ब्रिटिशकालीन पशु जैविक औषधि संस्थान (बीपी संस्थान) अब बदले कलेवर और हाईटेक स्वरूप में मार्च तक दोबारा शुरू हो जाएगा। शुरुआती चरण में यहां आधुनिक मशीनों के माध्यम से एचएस, बीक्यू, स्वाइन फीवर और ईटी वैक्सीन का निर्माण किया जाएगा, जिनकी आपूर्ति पशु चिकित्सालयों को की जाएगी। इन वैक्सीनों की खरीद पर विभाग



अब तक करोड़ों रुपये खर्च कर रहा था।

### सरकार के बचेंगे करोड़ों रुपये

वर्ष 2023 में सैंपल के तौर पर बनाई गई वैक्सीन आईवीआरआई, बरेली की जांच में सफल पाई जा चुकी हैं। स्वयं वैक्सीन निर्माण से गुणवत्तापूर्ण उत्पाद कम लागत में उपलब्ध होंगे, जिससे सरकार के करोड़ों रुपये बचेंगे और बाहरी खरीद पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। पशु चिकित्सालयों में समय पर आपूर्ति सुनिश्चित होगी। एफआई, पूल पॉक्स, पीपीआर और एचएस-2 ऑयल वैक्सीन पहले की तरह तैयार की जाएंगी। भविष्य में लंपी जैसी बीमारियों की वैक्सीन पर भी शोध कर निर्माण किया जाएगा।

महानियंत्रक औषधि, दिल्ली की गाइडलाइन के अनुसार बीपी संस्थान गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस (जीएमपी) और गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिस (जीएलपी) के 20 बिंदुओं पर खरा उतरा है। इसके आधार पर संस्थान को फैक्ट्री लाइसेंस प्रदान कर दिया गया है। वहीं प्रदूषण लाइसेंस, लघु पशु लाइसेंस और फायर एनओसी की प्रक्रिया चल रही है, जो विदेश से मशीनें आने और उनके स्थापित होते ही जारी कर दी जाएगी। वैक्सीन निर्माण का मुख्य लाइसेंस खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा दिया जाएगा। केंद्र और राज्य की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के बाद संस्थान को हरी झंडी दे दी है। 14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही लैब का कार्य अंतिम चरण में है।

### ये मुख्य आधुनिक मशीनें

- वॉटर फॉर इंजेक्शन प्लांट
- धूल-मिट्टी से बचाव के लिए दीवारों पर ई-पॉक्सी कोटिंग
- तापमान नियंत्रण को एचवीएसी प्लांट
- बॉयलर, ऑटोमेटिक फिलिंग और बॉटलिंग मशीन

# मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा ने प्रदेश की कई विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से हटाने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से गुरुवार को यह ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में सपा ने आरोप लगाया गया है कि फतेहपुर, मथुरा, मऊ, अमेठी, जौनपुर, बस्ती, भदोही, बलरामपुर (तुलसीपुर), संभल (असमौली), जालौन, कासगंज और गोंडा सहित कई जिलों में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा फार्म-7 का दुरुपयोग कर सपा समर्थक विशेषकर पीडीए और अल्पसंख्यक मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट मतदाता सूची से कटवाने की साजिश की जा रही है। सपा का आरोप है कि फार्म-7 में मतदाताओं के नाम व ईपिक नंबर प्रिंट कर बीएलओ और ईआरओ पर दबाव बनाया जा रहा है। कई स्थानों पर बीएलओ को डराने-धमकाने और जबरन हस्ताक्षर कराने की शिकायतें भी दर्ज कराई गई हैं। सपा ने मांग की है कि सभी संदिग्ध फार्म-7 तत्काल निरस्त किए जाएं तथा इस मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।

### चुनाव आयोग भाजपाइयों के घर पर बना दे बूथ



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का कोई झंडा हो तो अब वो भाजपाइयों के घर पर लगा दे। उन्होंने कहा कि अब बस यही बचा है कि चुनाव आयोग भाजपाइयों के घर पर बूथ बना दे और भाजपाइयों को पीठासीन अधिकारी। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि क्या चुनाव आयोग ने भाजपा को ठेके पर अपना काम दे दिया है या भाजपा ने चुनाव आयोग को संविदा पर रख लिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक पर्यायवाची कोश में 'चुनाव आयोग' को 'भाजपा' के पर्यायवाची के रूप में जोड़ देना चाहिए।




## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम क्षेत्र में कराया जाएगा तालाबों का सर्वे



**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों पर लगाम कसने के लिए अब नगर निगम क्षेत्र में तालाबों और सरकारी जमीनों का सर्वे कराया जाएगा। सम्पत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने यह निर्देश जारी करते हुए एक महीने में रिपोर्ट मांगी है। नगर निगम सदन की बैठक में महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम की जमीनों पर हो रहे कब्जों की शिकायत पर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। इसके साथ ही नगर निगम की जमीनों को सुरक्षित करने के लिए तारबंदी कराने के लिए निर्देशित किया था। जिस पर अपर नगर आयुक्त ने गुरुवार को बैठक करके सर्वे शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में नगर निगम के तहसीलदार, नायब तहसीलदार और समस्त लेखपाल शामिल रहे। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा चिन्हित करके खाली कराई गयी 70 गाटों की जमीन पर मुख्य अभियंता कार्यालय द्वारा तारबाड़ कराया जाएगा। इसके अलावा 45 गाटों पर नगर निगम का उद्यान विभाग गड्ढे खोदने के साथ तारबाड़ कराके जमीन सुरक्षित कराएगा। जिससे दोबारा जमीनों पर अतिक्रमण न हो सके।

### होली के लिए एसी बसों की अग्रिम बुकिंग शुरू

अमृत विचार : होली के त्योहार से पहले घर जाने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश रोडवेज ने एसी बसों में यात्रा के लिए अग्रिम बुकिंग की सुविधा शुरू कर दी है। बुधवार से ऑनलाइन बुकिंग खुलते ही यात्रियों ने बड़ी संख्या में टिकट खरीदना शुरू कर दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ सहाय ने बताया कि फिलहाल यह अग्रिम बुकिंग सुविधा केवल एसी बसों के लिए उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य त्योहार के दौरान यात्रियों को भीड़ और अव्यवस्था से राहत दिलाना है। अग्रिम बुकिंग से यात्री पहले से अपनी सीट सुरक्षित कर सकेंगे और अंतिम समय में होने वाली परेशानियों से बच पाएंगे। रोडवेज की ये एसी बसें आलमबाग बस अड्डे से संचालित होंगी। इनमें लखनऊ से दिल्ली, देहरादून, जयपुर, गोरखपुर और बरेली जैसे प्रमुख और व्यस्त रूट शामिल किए गए हैं। इन रूटों पर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को खास सहूलियत मिलेगी। यात्री उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की आधिकारिक वेबसाइट upsrtc.com पर जाकर आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। वेबसाइट पर बसों की समय-सारिणी, रूट विवरण और सीटों की उपलब्धता की पूरी जानकारी दी गई है। रोडवेज अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि होली के मद्देनजर समय रहते टिकट बुक कर लें, ताकि यात्रा आरामदायक और सुरक्षित हो सके।

# मुंबई की टीम ने सफाई व्यवस्था का किया अध्ययन

## पीआईएल पर सुनवाई के लिए हाईकोर्ट ने गठित की है कमेटी, रिपोर्ट तैयार करेगी कूड़े के पहाड़ का कैसे किया निस्तारण

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



नगर आयुक्त के साथ मौजूद टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था के अध्ययन के लिए गुरुवार को लखनऊ पहुंची बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी का लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्वागत किया। जहां नगर निगम ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रस्तुतीकरण दिया। जिसमें शहर की कचरा संग्रहण व्यवस्था, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, जीपीएस आधारित वाहनों की मॉनीटरिंग, ट्रांसफर स्टेशन, मैटिरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर, बायोमाइनिंग, कचरा प्रसंस्करण प्लांट, सीएंडडी वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट सहित अन्य परियोजनाओं की जानकारी दी गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि शहर में कचरा संग्रहण और उसके निस्तारण आधुनिक तकनीक से की जा रही है। शिकायतों के निस्तारण और मॉनीटरिंग के लिए कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की व्यवस्था है।

अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि कैसे 100 प्रतिशत पुराने कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया गया। सड़क सफाई, प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग, हरित विकास तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाओं की भी जानकारी दी। अपर नगर आयुक्त ने बताया कमेटी शुक्रवार को शिवरी स्थित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण करेगी।

बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा एक पीआईएल पर सुनवाई करते हुए लखनऊ नगर निगम द्वारा कूड़े के पहाड़ को किस तरह निस्तारित किया गया, इसकी एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तहत हाई कोर्ट ने एक कमेटी का गठन किया है। जिसमें रिटायर्ड आइएएस, वैज्ञानिक, आईआईटी के प्रोफेसर सहित प्रशासनिक अधिकारी शामिल हैं।

## कम मलबा शुल्क वसूली, 11 जेई का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** सभी आठ जोन में मलबा कलेक्शन के लिए बनाए गए सीएंडडी वेस्ट सेंटरों पर जरूरत भर मलबा नहीं आ रहा है। जबकि शहर में जगह-जगह मलबा फैला नजर आ जाएगा। मलबा हटवाने का काम जोन स्टर पर नगर निगम के अवर अभियंता देखते हैं।

सड़क पर फैले बिल्डिंग मैटेरियल या मलबे पर नगर निगम जुर्माना वसूलता है। लेकिन जोन स्तर पर सीएंडडी वेस्ट सेंटर पर मलबा शुल्क की कम वसूली पर नगर आयुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। उनके निर्देश पर 11 जेई के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनका जनवरी माह का वेतन रोक दिया है। वेतन तभी जारी होगा जब सीएनडी वेस्ट से वसूले जाने वाला राजस्व 1.50 करोड़ रुपये का लक्ष्य 31 मार्च से पहले पूरा न हो जाए।

**इनका वेतन रोका**

| जेई | जोन |
|---|---|
| अशोक कुमार | 2 |
| नीतू | 3 |
| शनि विश्वकर्मा | 4 |
| शिल्पी सिंह | 4 |
| अरुण मेहता | 5 |
| कैलाश | 5 |
| रमन सिंह | 6 |
| अभिषेक गुप्ता | 6 |
| दिव्या उपाध्याय | 7 |
| राजेंद्र कुमार | 8 |
| लता वर्मा | 8 |

## लविवि में नेट-जेआरफ में छात्रों ने पार किया शतक

- कुल 22 हुए जेआरएफ और 95 नेट चयनित



**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों ने इस बार फिर रिकार्ड कायम करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में के नेट जेआरएफ परीक्षा में शतक का आंकड़ा पार किया है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 95 छात्र-छात्राओं ने नेट जबकि 22 ने जेआरफ के लिए उत्तीर्ण किया है। देर शाम तक परिणाम की मिली जानकारी के अनुसार विश्वविद्यालय से कुल 117 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, संकल्प और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है।

## 64.94 लाख गृहकर बकाए पर मंडी समिति का बैंक खाता सीज

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** गृहकर के बड़े बकायेदारों के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार नवीन गल्ला मंडी सीतापुर रोड के भवन संख्या जीबी/सीसी पर 31 मार्च 2026 तक कुल 42 लाख 36 हजार 118 रुपये गृहकर बकाया है। मंडी से जुड़े भवन संख्या 605/385 पर 22 लाख 57 हजार 922 रुपये की राशि बकाया है। उक्त धनराशि का भुगतान नगर निगम को अब तक नहीं किया गया है। नगर निगम ने वसूली के लिए पहले भी संस्था को कई बार बिल एवं नोटिस जारी किए थे।अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर बकाया राशि जमा करने के लिए कहा था लेकिन भुगतान नहीं किया गया। जनवरी 2026 में नवीन गल्ला मंडी कार्यालय द्वारा 19 जनवरी 2026 का 22 लाख रुपये का एक चेक व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा गया, जो बिना हस्ताक्षर का था। यह चेक न तो विधिसम्मत था और न ही नगर निगम कार्यालय में जमा कराया गया। इसके बाद भी संबंधित संस्था ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जिसे देखते हुए उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 506 से 509 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मंडी समिति का बैंक खाता तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया है। साथ ही इस खाते से किसी भी प्रकार के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है।

## आईटी सिटी के लिए जुटाई 2100 एकड़ भूमि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 20 फरवरी को लांच होगी योजना, पहले किसानों को मिलेंगे भूखंड

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सुल्तानपुर रोड स्थित आईटी सिटी योजना 20 फरवरी को लांच करने की तैयारी तेज कर दी है। सबसे पहले इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लैंड पूलिंग नीति के तहत निशुल्क जमीन देने वाले किसानों को सेक्टर-15, 16, 17 एवं 18 में 288 से 35 वर्गमीटर के भूखंड लॉटरी से आवंटित किए जाएंगे। प्राधिकरण ने अब तक करीब 1500 किसानों से 2,100 एकड़ जमीन जुटा ली है।

आईटी सिटी 3,490 एकड़ क्षेत्रफल की योजना है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, मोहारी कला, खुजौली और भटवारा की जमीन चिह्नित है। प्राधिकरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार लैंड पूलिंग, भूमि अर्जन, आपसी सहमति से क्रय के आधार पर भूमि जुटाव का कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में 27 जनवरी तक जिन भू-स्वामियों के लैंड पूलिंग के एग्रीमेंट निष्पादित हुए हैं। उनके मध्य 20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मर्करी हॉल में लॉटरी ड्रा करके योजना लांच की जाएगी। इसके बाद आम लोगों के लिए ऑनलाइन पंजीयन खोला जाएगा। भूखंड की कीमत लगभग 4 हजार रुपये प्रति वर्गफिट प्रस्तावित है। इसी तरह वेलनेस सिटी लांच करके भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

## होली पर भद्रा और खग्रास चंद्रग्रहण का दुर्लभ संयोग

**अमृत विचार , लखनऊ :** इस वर्ष होली पर्व पर ज्योतिषीय दृष्टि से दुर्लभ संयोग बन रहा है। 2 मार्च को होलिका दहन के समय भद्रा का प्रभाव रहेगा, जबकि 3 मार्च को धुलेंडी के दिन खग्रास चंद्रग्रहण पड़ रहा है। इसे लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। ज्योतिषाचार्य पंडित रामजी ने बताया कि 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण सूतक काल रहेगा, जो ग्रहण से नौ घंटे पूर्व शुरू हो जाएगा। सूतक काल में शुभ कार्य, पर्व और मंदिर दर्शन वर्जित माने जाते हैं, इसलिए शास्त्रों के अनुसार 3 मार्च को होली खेलना उचित नहीं है। ऐसे में रंगों का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को चतुर्दशी तिथि शाम 5:18 बजे तक रहेगी, इसके बाद पूर्णिमा प्रारंभ होगी, जो 3 मार्च शाम 4:33 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा के साथ भद्रा 2 मार्च शाम 5:18 बजे से 3 मार्च सुबह 4:56 बजे तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार भद्रा के पुच्छ भाग में होलिका दहन का विधान है। इस वर्ष होलिका दहन के लिए सर्वाधिक शुभ समय रात 12:50 से 2:02 बजे तक रहेगा।

## युवा कल्याण अधिकारी पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्नी का आरोप 50 लाख रुपये व गाड़ी की मांग पूरी न होने पर पीटा
- प्रेमिका संग शादी करने की बात कहकर घर से निकाला

**अमृत विचार:** जानकीपुरम थाने में विवाहिता ने हरदोई में तैनात युवा कल्याण अधिकारी, ससुरालवालों व कथित प्रेमिका के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि दहेज में थार जीप देने के बाद भी अब 50 लाख रुपये और फॉरच्यूनर गाड़ी की मांग पूरी न होने पर मारपीट की गयी। यही नहीं पति ने तलाक लेकर प्रेमिका संग शादी करने की धमकी दी। मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बख्शी का तालाब के ग्राम देवरई कला निवासी तरुण प्रकाश तिवारी ने बेटी निकिता तिवारी की शादी 14 फरवरी 2025 को जानकीपुरम विस्तार साठ फीटा रोड के रहने वाले शिवाकांत द्विवेदी से आईआईएम रोड स्थित बीआर पैलेस में हुई थी। मूल रूप से इटौंजा निवासी शिवाकांत हरदोई में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी के पद पर हैं। शादी में वधूपक्ष ने दान-दहेज व अन्य मदों में 93 लाख रुपये खर्च किए थे। साथ ही दहेज में महिंद्रा थार दी थी। शादी के बाद निकिता जानकीपुरम विस्तार स्थित ससुराल पहुंचीं, जहां पति शिवाकांत द्विवेदी, सास सुषमा, ससुर नारायण और ननद क्षमा ने कम दहेज का ताना देना शुरू कर दिया।

पीड़िता ने बताया कि शादी के समय पति शिवाकांत लखनऊ में संबद्ध थे। कुछ समय बाद उनका ट्रांसफर हरदोई हो गया था। आरोप है जब कभी शिवाकांत घर पर रुकते तो मोबाइल पर बात करते रहते थे। बाहर रहने पर उनका मोबाइल रात में व्यस्त रहता था। पूछने पर लखनऊ आकर मारपीट करते थे। आरोप है कि ससुरालवालों ने 25 लाख रुपये और फॉरच्यूनर गाड़ी की मांग की। पीड़िता ने यह बात मायकेवालों को बताई। यह भी बताया कि छानबीन में पता चला कि शिवाकांत का कानपुर की एक महिला से संबंध हैं। आरोप है कि दोनों साथ-साथ कई जगह घूमे और होटलों में भी रुके। जब इस बारे में सवाल किया गया तो पति और ससुराल पक्ष ने मारपीट करते हुए गला दबाकर मारने का प्रयास किया। बाद में तलाक की धमकी देकर सारे जेवर छीन लिए। सूचना मिलते ही 23 अक्टूबर को भाई ससुराल पहुंचा और बहन निकिता को लेकर चला गया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पति सोशल मीडिया पर कथित प्रेमिका के साथ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट कर उसे अभद्र शब्दों से अपमानित कर रहा है। विरोध करने पर आत्महत्या कर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता की तहरीर पर जानकीपुरम थाने में पति, सास-ससुर, ननद और कथित प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## सिटी डायरी

### वार्षिक समारोह सम्पन्न



छात्रों को प्रमाण पत्र देते मुख्य अतिथि।

अमृत विचार , बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब क्षेत्र के हेमी स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिक समारोह सादगी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला और मोहनलालगंज विधायक अमरीश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, योग प्रदर्शन, ड्रिल और खेल गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान और प्रधानाचार्य सीके शर्मा ने विद्यालय की शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।



एसआईआर सूची में नाम काटे जाने से आक्रोशित लोग।

### नाम काटे जाने से लोगों में आक्रोश

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर क्षेत्र के फर्रूखाबाद चिल्लावां गांव में एक ही समुदाय के दर्जनों लोगों के नाम एसआईआर सूची से काटे जाने की सूचना पर गुरुवार को ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि गांव के प्राथमिक विद्यालय स्थित बूथ पर दशरथ कुमार नामक व्यक्ति ने फार्म-7 भरकर बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए आपत्ति दर्ज कराई। ग्रामीणों के अनुसार दशरथ कुमार ने बीएलओ रमजान अली को आवेदन देकर कई लोगों को मृत अथवा गांव का निवासी न होने की जानकारी दी। बीएलओ द्वारा फोन पर सत्यापन किए जाने पर मामला सामने आया। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे और नाराजगी जताई।


निर्माण रुकवाते राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी।

### रुकवाया अवैध निर्माण कार्य

**अमृत विचार, निगोहां :** क्षेत्र के लालपुर गांव में खाद गड्ढे और देवस्थान की भूमि पर अवैध कब्जे की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर छोटी-छोटी दीवारें खड़ी की जा रही थीं और एक चौड़ा रास्ता बनाने का कार्य चल रहा था।राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचते ही निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया और कब्जा कर रहे लोगों को सख्त हिदायत दी। लेखपाल अशोक वर्मा ने बताया कि पूरे मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जाएगी।


काकोरी में चेकिंग करते पुलिस अधिकारी।

### काकोरी में सघन चेकिंग अभियान

**अमृत विचार,काकोरी :** राजधानी लखनऊ में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा से एक युवक की मौत और दूसरे के गंभीर रूप से घायल होने की घटना के बाद पुलिस प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया। इसी क्रम में काकोरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया।एसीपी काकोरी शकील अहमद के नेतृत्व में थाना काकोरी पुलिस ने कस्बा काकोरी सहित पूरे थाना क्षेत्र में पतंग और मांझा बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया।

## बुरा हाल

### महापौर के निर्देश हवा हवाई, जिम्मेदार कर रहे खानापूर्ति

# नगर निगम मुख्यालय के बाहर ही अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** महापौर सुषमा खर्कवाल के बार-बार निर्देश के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी नगर निगम मुख्यालय के बाहर ही अतिक्रमण नहीं हटा पा रहे हैं। पार्षद 27 जनवरी को हुई सामान्य सदन की बैठक में भी शहर में जाम और अतिक्रमण का मुद्दा उठा चुके हैं। महापौर ने अधिकारियों को मुख्यालय से लेकर लालबाग और कैसरबाग क्षेत्र तक प्रतिदिन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे लेकिन अधिकारी उनके आदेश का मखौल उड़ा अभियान के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर नावेल्टी चौराहे तक जाम से जनता को जूझना पड़ता है।


नगर निगम मुख्यालय के बाहर खड़े वाहन। अमृत विचार

नगर निगम मुख्यालय के बगल में ही दुकानदार सड़क पर कार एसेसरीज लगा रहे हैं। दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी दिन भर सड़क से निकलने वाले वाहनों को एसेसरीज लगाने के लिए हाथ देकर रोकते हैं और सड़क पर ही गाड़ी लगवा देते हैं। इसके अलावा शर्मा चाय और दुर्गमा होटल के आस-पास भी सड़क के दोनों ओर वाहन खड़े कर दिये जाते हैं, जिससे आस-पास दिन भर जाम लगता है।

नगर निगम का दावा है कि समय-समय पर अभियान चलाकर दुकानदारों पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन दुकानदारों को नगर निगम की कार्रवाई का डर नहीं है। अभियान चलाने के कुछ देर बाद ही सड़क पर फिर कार एसेसरीज कारोबार शुरू हो जाता है। अतिक्रमण से जाम की बुरी स्थिति देखते हुए महापौर ने प्रतिदिन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, जिसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है।

### वाहन उठाने को क्रेन मंगाई

- अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने अतिक्रमण और जाम का संज्ञान लेते हुए सड़क से अतिक्रमण हटाने के लिए जोनल अधिकारी ओपी सिंह को निर्देशित किया। साथ ही सड़क से गाड़ियां उठाने के लिए एक क्रेन जोन एक में तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक महीने तक लगातार नगर निगम मुख्यालय से होते हुए नावेल्टी चौराहा, कैपर रोड, वाल्मीकि मार्ग और कैसरबाग तक अभियान चलाया जाएगा।

